**स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड द्वारा उत्पादित इस्पात की उच्चलागत**

**1018. श्री राम जेठमलानी :**
**सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :**

क्या **इस्पात और खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड द्वारा उत्पादित इस्पात की लागत विश्व के अन्य विकासशील और विकसित देशों में उत्पादित इस्पात की लागत की तुलना में अधिक है ;

(ख) यदि हां, तो इस समय विश्व में विकसित और विकासशील देशों में इस्पात की औसत उत्पादन लागत कितनी है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि भारतीय लोहे की उत्पादन लागत में पिछले दो दशकों के दौरान अपेक्षाकृत अत्यधिक वृद्धि हुई है ; और

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण है और कम उत्पादन-लागत को सुनिश्चित करने के लिए इस दिशा में क्या कदम उठाए गये हैं तथा इस संबंध में भावी योजना क्या है ?

**इस्पात और खान मंत्री साथ में विधि और न्याय मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री दिनेश गोस्वामी)** : (क) से (घ) प्रौद्योगिकीयों, आदान मूल्यों तथा क्वालिटी, सांविधिक लेवियों, स्वचालन तथा प्रचालन की मात्रा में विभिन्नताओं के कारण विश्व के अन्य उत्पादकों के साथ स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड की उत्पादन लागत के आंकड़े सही अर्थ में तुलनीय नहीं हैं । तथापि, मोटे तौर पर "सेल" के कारखानों की लागत अन्यों की तुलना में अधिक नहीं है, हालांकि अन्यों की लागत की तुलना में उनमें पिछल दशकों में सापेक्ष रूप में अधिक तीव्र गति से वृद्धि की गयी है । ये आंकड़े वर्गीकृत सूचना है और उनको प्रकट करना कम्पनियों के वाणिज्यिक हित में नहीं है । भारत में उत्पादन की समग्र लागत अधिक है, इसका मुख्य कारण उच्च वित्तीय लागत, पूंजीगत संबंधी परिवर्तन तथा निम्न उत्पादकता है ।

**सीमा-शुल्क गृहों समाहर्तालयों में लम्बित सीमा-शुल्क और उत्पाद-शुल्क अपवंचन के मामले**

**1019. श्रीमती कैलाशपति :**
**श्री बलराम सिंह यादव :**

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 1990 के आरम्भ में सीमा-शुल्क और केन्द्रीय उत्पाद शुल्क से संबंधित अनेक मामले सीमा-शुल्क गृहों/समाहर्तालयों में विचाराधीन

(ख) यदि हां, तो ऐसे मामलों की कुल संख्या कितनी थी और विवादग्रस्त सामान का मूल्य क्या था ;

(ग) इनमें से ऐसे मामलों की संख्या कितनी है जिनका 1 जनवरी, 1990 से 30 जून, 1990 के दौरान निर्णय हो चुका है ; और

(घ) क्या सरकार ने इन बकाया मामलों के शीघ्र निपटान के लिये व्यवस्था करने के संबंध में कोई निर्णय लिया है; यदि नहीं, तो इसके क्या कारण

**वित्त मंत्रालय में उपमंत्री (श्री अनिल शास्त्री)** : (क)से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है और सदन पटल पर रख दी जायेगी ।

**Major Irrigation Projects received from Andhra Pradesh pending clearance**

1020. DR NARREDDY THULASI REDDY; Will the Minister of WATER RESOURCES be pleased to state:

(a) what are the major irrigation projects received from Andhra Pradesh that are pending clearance at present; and